पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से लुफ्थांजा कुक एण्ड फ्लाई कान्टेस्ट की विजेता नन्दनी ने भेंट की
पुरस्कार स्वरूप 11,000 रूपये एवं प्रशस्ति पत्र देंगे राज्यपाल

लखनऊः 27 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से 2015 में लुफ्थांजा इण्डिया एवं होटल लीला ग्रैण्ड द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित 'लुफ्थांजा कुक एण्ड फ्लाई कान्टेस्ट' प्रतियोगिता की विजेता सुश्री नन्दनी दिवाकर ने भेंट की। इस अवसर पर उनके पिता श्री शत्रुघन प्रसाद दिवाकर एवं छोटी बहन भी साथ थे। सुश्री नन्दनी दिवाकर उत्तर प्रदेश से अकेली प्रतियोगी थी। प्रतियोगिता में उन्हें 'मुर्ग नूरे बहारा' एवं 'मावा पुलाव' के लिए प्रथम ग्रैण्ड पुरस्कार से नवाजा गया था। उनके द्वारा बनायी गयी रेसिपी लुफ्थांजा एयरवेज मेन्यू कार्ड में शामिल की गयी है। सुश्री नन्दनी लखनऊ की रहने वाली हैं और उनके पिता श्री शत्रुघन प्रसाद इस्त्री (प्रेस) करके अपनी पांच पुत्रियों के साथ जीवन यापन करते हैं। श्री शत्रुघन की सभी पुत्रियों ने अभाव में रहते हुए अच्छी शिक्षा ग्रहण की है। राज्यपाल ने नन्दनी को पुरस्कार स्वरूप रूपये 11,000 व प्रशस्ति पत्र देने की बात कही।

सुश्री नन्दनी अब तक सिटी बिग थाली, मिस स्मार्ट कान्टेस्ट, लेडिज स्पेशल कुकिंग प्रतियोगिता, नवभारत फेमिना ग्रुप, आशीर्वाद एवं गृह शोभा कान्टेस्ट, किचन क्वीन, तीज उत्सव कान्टेस्ट, खाना खजाना, रेड शेफ, दैनिक जागरण और बिग बाजार प्रतियोगिता, मैंगो फेस्टिवल आदि प्रतियोगिता में अपनी पाक-कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी हैं। उन्हें अवधी व्यंजन बनाने के लिए अनेक पुरस्कार व एवार्ड मिल चुके हैं।

राज्यपाल ने नन्दनी की तारीफ करते हुए कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि प्रदेश की बेटी ने प्रदेश के साथ-साथ देश का नाम रौशन किया है। हिम्मत और प्रयास से ही सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रोत्साहन से हर क्षेत्र में बेटी आगे बढ़ सकती हैं इसलिये उन्हें हर स्तर पर अपनी विशेषज्ञता और कला के प्रदर्शन के लिये उचित अवसर उपलब्ध कराना चाहिये। प्रदेश में अनेक ऐसी प्रतिभायें हैं, जिन्हें पहचान दिलाने के लिये समाज आगे आये। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति सोच बदलनी होगी।

सुश्री नन्दनी ने बताया कि उन्हें बचपन से कुकिंग का शौक है। वे घर पर अनेक प्रकार के व्यंजन बनाती रही हैं। नन्दनी ने कहा कि उन्हें लड़की होने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि वे अपना रेस्टोरेन्ट खोलना चाहती हैं तथा उन महिलाओं के लिये काम करना चाहती हैं जो आगे बढ़ना तो चाहती हैं मगर अवसर नहीं मिल पाता।

प्रदेश के राज्यपाल